कार्यालय चयन समिति, जनपद न्यायालय, गोरखपुर।

विज्ञप्ति

जनपद न्यायालय, गोरखपुर में संविदात्मक आधार पर अंशकालिक सफाईकर्मियों के कुल 03 अस्थायी पद (रु. 6,000/- मासिक नियत मानदेय) पर चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

चयन हेतु निर्धारित अर्हताएँ व शर्तें माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की आधिकारिक वेबसाईट www.allahabadhighcourt.in एवं जनपद न्यायालय, गोरखपुर की आधिकारिक वेबसाईट **https://districts.ecourts.gov.in/gorakhpur** पर उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त नियुक्ति से सम्बन्धित अन्य विवरण न्यायालय के सूचना पट्ट /केन्द्रीय नजारत से किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

(नीलू मोघा) 3/11/2023
वरिष्ठ सदस्य चयन समिति/
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कोर्ट सं.-01,
गोरखपुर।

प्रतिलिपि सूचनार्थ प्रेषित।

1 नाजिर, आयुक्त कार्यालय, गोरखपुर।
2 नाजिर, सदर कलेक्ट्रेट, गोरखपुर।
3 नाजिर, तहसील सदर, गोरखपुर।
4 मुख्य नगर अधिकारी, नगर निगम, गोरखपुर।
5 मुख्य विकास अधिकारी, विकास भवन, गोरखपुर।
6 जिला सूचना अधिकारी, गोरखपुर में समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
7 सूचना पट्ट, जनपद न्यायालय, गोरखपुर पर चस्पा करने हेतु।
8 रेलवे जंक्शन, गोरखपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
9 बस स्टेशन, गोरखपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
10 सिस्टम ऑफिसर, जनपद न्यायालय, गोरखपुर को माननीय उच्च न्यायालय एवं जनपद न्यायालय, गोरखपुर की आधिकारिक वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

कार्यालय चयन समिति, जनपद न्यायालय, गोरखपुर।

जनपद न्यायालय, गोरखपुर में संविदा के आधार पर अंशकालिक सफाईकर्मी के पद पर नियुक्ति हेतु सामान्य निर्देश

जनपद न्यायालय, गोरखपुर में संविदा के आधार पर अंशकालिक सफाईकर्मियों के कुल 03 अनारक्षित पदों पर चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। सफाईकर्मियों के उक्त पद विशुद्ध रूप से अस्थायी है तथा संविदात्मक आधार पर भरा जाना है। पद पर नियुक्त अभ्यर्थी को मात्र रु. 6,000/- मासिक नियत मानदेय दिया जायेगा, जिस पर कोई अतिरिक्त भत्ता आदि देय नहीं होगा। नियुक्त अभ्यर्थी की सेवा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती है।

1. सफाईकर्मी के उक्त पद पर नियुक्ति के लिए आवेदक को देवनागरी लिपि में हिन्दी के शब्दों में लिखने व पढ़ने का ज्ञान होना आवश्यक है। आवेदक को किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से जूनियर हाईस्कूल या उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना तथा सफाई कार्य में दक्ष होना आवश्यक है।
2. आवेदक की आयु 01.07.2023 को 18 वर्ष से कम एवं 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छूट प्रदान की जायेगी।
3. समस्त शैक्षिक योग्यता, जन्म तिथि एवं जाति प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियाँ आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
4. इच्छुक व्यक्तियों द्वारा अपने निवास क्षेत्र के दो संभ्रान्त व्यक्तियों द्वारा जारी किया गया चरित्र प्रमाण-पत्र प्रार्थना-पत्र के साथ संलग्न करना आवश्यक है।
5. चयन हेतु साक्षात्कार की प्रक्रिया अपनायी जायेगी। अभ्यर्थी दिनांक 14.07.2023 को अपने सम्पूर्ण मूल अभिलेखों एवं प्रार्थना-पत्र के साथ प्रातः 10:00 बजे जनपद न्यायालय परिसर में उपस्थित होंगे।
6. किसी भी तरह की सिफारिश अयोग्यता मानी जायेगी, जिसके आधार पर आवेदक की उम्मीदवारी सरसरी तौर पर निरस्त कर दी जायेगी।
7. अभ्यर्थी का चरित्र नियुक्ति अधिकारी की संतुष्टि के अधीन उत्तम होना चाहिए। नियुक्ति के समय अभ्यर्थी द्वारा इस आशय का शपथ-पत्र देना होगा कि उसे विधि द्वारा स्थापित न्यायालय द्वारा किसी नैतिक अधमता के अपराध हेतु दण्डित नहीं किया गया है।
8. नियुक्त अभ्यर्थियों को मुख्य चिकित्साधिकारी,गोरखपुर द्वारा जारी स्वास्थ्यता प्रमाण-पत्र प्राप्त कर नियुक्ति की तिथि से एक सप्ताह के अंदर प्रस्तुत करना आवश्यक है।
9. साक्षात्कार हेतु उपस्थित व्यक्तियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

दिनांक-03.07.2023

(आदर्श श्रीवास्तव)
सदस्य चयन समिति/
सिविल जज सी.डि.,
गोरखपुर।

(नीलू मोघा) 3/7/2023
वरिष्ठ सदस्य चयन समिति/
अपर जनपद न्यायाधीश कोर्ट सं.-01,
गोरखपुर।

Approved
3/7/23